# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/3006
दिनांक : 08.8.2019

सेवा में,

सचिव /प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध स्ववित्त पोषित महाविद्यालय/संस्थान
चौ0 चरण सिह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**विषयः– विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक के आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया इस पत्र के साथ संलग्न उपरोक्त विषयक क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी मेरठ के पत्र दिनांक 07.08.2019 का संदर्भ ग्रहण करें जोकि जनपद मेरठ के स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों के चालको के चरित्र/ड्राईविंग के सत्यापन की सूचना निश्चित प्रारूप पर कार्यालय सम्भागीय परिवहन अधिकारी, मेरठ को प्रेषित करने के सम्बन्ध में है।

उक्त के संदर्भ में आपको निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही करते हुए वांछित सूचना तत्काल कार्यालय सम्भागीय परिवहन अधिकारी, मेरठ एवं क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी मेरठ को प्रेषित करना सुनिश्चित करें

भवदीय,

8-8-19
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः–**

01. व्यैक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. प्रभारी वेबसाइट इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
03. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।

कुलसचिव

AF (667)

# कार्यालय, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी

माधवपुरम,मेरठ।
दूरभाष/फैक्स 0121-2400444 ई-मेल rheomeerut@yahoo.com वैबसाईट www.rheomrt.org

पत्रांक/क्षे0का0मे0/ 1396 /2019-20/दिनांक 07/8/19

सेवा में,

कुलसचिव,
चौ0चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

विषय: विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक के आयोजन के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, कार्यालय सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) मेरठ के पत्रांक 228/प्रवर्तन/वि0प0सु0समिति/2019 दिनाक 06/08/2019 (छायाप्रति संलग्न) इस निर्देश के साथ प्रेषित किया जा रहा है कि अपने अन्तर्गत आने वाले जनपद-मेरठ के स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को निर्देशित करे कि वे अपने अपने महाविद्यालय के चालको के चरित्र/ड्राईविंग के सत्यापन की सूचना निश्चित प्रारूप पर तत्काल कार्यालय सम्भागीय परिवहन अधिकारी, मेरठ को प्रेषित कराने का कष्ट करें साथ ही इसकी एक प्रति अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को प्रेषित कराने का कष्ट करें।

भवदीय

डा0 (राजीव कुमार गुप्ता)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
मेरठ।

पृ0सं0- /2019-20 तददिनांक
प्रतिलिपि: सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।

डा0 (राजीव कुमार गुप्ता)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
मेरठ।